संख्या-14/2025/001-50-23-9-2025-23-9002-002-60-2024

प्रेषक,

शिव कुमार,
अनु सचिव,
उ0प्र0शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-9 लखनऊ : दिनांक 16 जनवरी, 2025

विषय-वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या-58 के अन्तर्गत कृषि विपणन सुविधाओं हेतु राजस्व ग्राम/बसावटों को पक्के ग्रामीण सम्पर्क मार्गो से जोड़ने हेतु ग्रामीण सम्पर्क मार्गों का नवनिर्माण/ पुनर्निर्माण/मिसिंग लिंक एवं अन्य ग्रामीण मार्गों के मेरठ मण्डल के विभिन्न जनपदों के 04 मार्गों के चालू कार्यो हेतु अवशेष धनराशि आवंटित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता(मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्रों(निम्न तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित) के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि निम्न विवरणानुसार पुनर्निर्माण योजनान्तर्गत मेरठ मण्डल के विभिन्न जनपदों के 04 मार्गों के चालू कार्यो हेतु निम्न तालिका के स्तम्भ-5 में उल्लिखित शासनादेशों द्वारा निर्गत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के क्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 में तालिका के स्तम्भ-11 के अनुसार रू0 8,51,000/-(रूपये आठ लाख इक्यावन हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र 0 सं0	मुख्य अभियंता (मु0-1) लो0नि0वि, लखनऊ	खण्ड/ जनपद का नाम	मार्ग का नाम	स्वीकृति का शासनादेश संख्या	स्वीकृत लागत/ प्राविधिक लागत	बचत	बचत के उपरान्त कार्य की लागत	अब तक आवंटन	अवशेष	वित्तीय वर्ष 2024- 25 में अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	11110/CE-HQ1//VR (PURNIRMAN)/MRT/2024-25 Dt- 13-11-2024	प्रा0ख0 बागपत	सिंगौली तगा से रटौल मार्ग मार्ग के पुनर्निर्माण का कार्य	214/2023/1195/23-9-2023/001-23-9002 (002)/26/2023, दिनांक-15-09-2023	20.10 20.10	1.59	18.51	16.08	2.43	2.43
2	11110/CE-HQ1//VR (PURNIRMAN)/MRT/2024-25 Dt- 13-11-2024	प्रा0ख0 बागपत	बिजरौल से वाजिदपुर नाले की पटरी मार्ग के पुनर्निर्माण का कार्य	214/2023/1195/23-9-2023/001-23-9002 (002)/26/2023, दिनांक-15-09-2023	65.60 65.60	10.21	55.39	52.48	2.91	2.91
3	11443/CE-HQ1//VR (PURNIRMAN)/MRT/2024-25 Dt- 23-12-2024	प्रा0ख0 गौतमबुद्ध नगर	जनपद गौतमबुद्ध नगर में झांझर रबुपूरा मार्ग से मकसूदपुर मार्ग के किमी-1,2(100) के पुन:निर्माण का कार्य।	21/2024/1112/23-9-2023/002/23-9002-002-26-2023-दिनांक-23-01-2024	29.62 29.62	5.90	23.72	22.53	1.19	1.19
4	11669/CE-HQ1//VR (PURNIRMAN)/MRT/2024-25 Dt- 03-01-2025	नि0ख0 (खुर्जा) बुलन्द शहर	जनपद बुलन्दशहर में खुर्जा-जेवर मार्ग से सीकरी सम्पर्क मार्ग के पुनः निर्माण का कार्य	21/2024/1112/23-9-2023/002/23-9002-002-26-2023-दिनांक-23-01-2024	32.91 32.91	3.52	29.39	27.41	1.98	1.98
			योग							8.51

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

नियम व शर्तें / प्रतिबन्धों

(1) उक्त धनराशि केवल अंकित परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इस उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा।

(2) उक्त मार्गों को निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्तापरक पूर्ण कराकर उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं फोटोग्राफ शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(3) स्तम्भ-5 में अंकित शासनादेशों की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

(4) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2023, दिनांक 04 मार्च, 2024 में दिये गये दिशा निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में प्रचलित व्यवस्थानुसार बजट का ऑनलाईन आवंटन किये जाने हेतु डी.डी.ओ. कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश सं.-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04.05.2022 निर्गत किया गया है। अत: अब समस्त धनराशि का आहरण-वितरण सम्बन्धी कार्य, आहरण-वितरण अधिकारी द्वारा वित्तीय हस्तपुस्तिका भाग-6 में निहित प्राविधानों एवं सम्बन्धित वित्तीय नियमों/शासनादेशों व उक्त शासनादेश दिनांक 04.05.2022 में निहित व्यवस्था के अधीन किया जायेगा।

(6) चालू कार्य की अवशेष धनराशि इस शर्त के अधीन है कि यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि अवमुक्त की जा रही धनराशि पूर्व में अवमुक्त नहीं हुई है। यदि कोई विसंगति/द्विरावृत्ति पायी जाती है तो शासन को तत्काल सूचित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 8,51,000/-(रूपये आठ लाख इक्यावन हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 058 लेखा शीर्षक 5054-04-337-15-00 कृषि विपणन सुविधाओं हेतु राजस्व ग्राम/बसावटों को पक्के ग्रामीण सम्पर्क मार्गों से जोड़ने हेतु ग्रामीण सम्पर्क मार्गों के नवनिर्माण/ पुनर्निर्माण/मिसिंग लिंक एवं अन्य ग्रामीण मार्गों के चालू कार्यों हेतु एकमुश्त 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त(आय-व्ययक)अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2023, दिनांक 04 मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
शिव कुमार
अनु सचिव।

संख्या-14/2025/001/50(1)-23-9-2025-23-9002-002-60-2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, प्रथम(निर्माण) उ0प्र0 प्रयागराज।
2- जिलाधिकारी, संबंधित जनपद।
3- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, संबंधित जनपद।
4- नोडल अधिकारी, बजट आवंटन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- निदेशक कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।
6- मुख्य अभियंता(मु0-1) लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- संबंधित खण्ड के अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
10- वित्त(व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।
11- लोक निर्माण अनुभाग-10/श्रम अनुभाग-2
12- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
शिव कुमार
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in